हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

06 जैन धर्म जीने की कला ही नहीं मरने की कला भी...



09 शहर दुल्हन की तरह सज धज कर तैयार, पूरा शहर बैनरों से पटा





## गुना में बढ़ रही आवारागर्दी दहशत में हैं लोग

### बेकरी कर्मचारी और साथी को लाठियों से पीटा, सिर में आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के किसी न किसी इलाके में हर चौथे पांचवें दिन गुंडागर्दी की घटना सामने आ रही है । बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरेआम मारपीट करके दहशत फैला कर भाग जाते हैं। बीती रात भी एक ऐसा ही मामला भुल्लनपुरा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते सरेआम गुंडागर्दी का खौफनाक मंजर सामने आया है। दो बदमाशों ने एक बेकरी कर्मचारी और उसके दोस्त को लोहे की रॉड और लाठियों से बेरहमी से पीटा, जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बदमाश जमीन पर गिरे युवकों पर लगातार लाठियां बरसाते दिख रहे हैं।







### ये है पूरा मामला

भुल्लनपुरा तिराहे पर स्थित एक बेकरी पर काम करने वाले रोहित जाटव और उनके साथी दीपक अहिरवार पर रात करीब 9:30 बजे हमला हुआ है। रोहित के भाई विशाल जाटव ने कोतवाली पुलिस को बताया कि रोहित का फोन आया था कि रोहन नागर और अरुण राय उसके साथ लड़ाई-झगड़ा कर रहे हैं। विशाल जब मौके पर (पीयूष मिश्रा की बेकरी के सामने) पहुँचा, तो देखा कि आरोपी रोहन नागर और अरुण राय उनके भाई और दोस्त को बुरी तरह पीट रहे थे। विशाल ने बताया कि रोहन नागर ने जान से मारने की नीयत से रोहित के सिर पर लोहे की रॉड से कई वार किए, जबकि अरुण राय लाठी से पीट रहा था। इस हमले में रोहित जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया।

### बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी


बताया गया है कि विशाल ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे भी जान से खत्म करने की धमकी दी। वारदात को अंजाम देने के बाद, दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए परिजन घायलों को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ रोहित और दीपक का इलाज चल रहा है। पुलिस ने फरियादी विशाल की शिकायत पर दोनों आरोपी रोहन नागर और अरुण राय के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी सहित सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में जुट गई है।

### आरके ज्वेलर्स से सोना चोरी, गहना ज्वेलर्स पर बिका

# चोरी का माल खरीदने पर गहना ज्वेलर्स पर पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सर्राफा बाजार में स्थित एक ज्वेलरी शॉप के मालिक को उनके ही दो पुराने कर्मचारियों ने लाखों का चूना लगा दिया। दोनों कर्मचारी लंबे समय से दुकान से धीरे-धीरे सोना चोरी कर रहे थे और उसे शहर की एक अन्य बड़ी दुकान गहना ज्वेलर्स पर बेच रहे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और गहना ज्वेलर्स पर पहुंचकर भी विवेचना की है।





### सीसीटीवी से खुला भरोसे का राज

पीड़ित संतोष सोनी की सर्राफा बाजार में आरके ज्वेलर्स नाम की दुकान है। उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उनके दो कर्मचारी पवन गोस्वामी और उमेश योगी लंबे समय से दुकान में चोरियां कर रहे थे। संतोष सोनी ने बताया कि उमेश एक साल से और पवन पांच-छह महीने से काम कर रहा था। उन्हें तब शक हुआ जब सोने के स्टॉक में गड़बड़ी दिखी। शक होने पर उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें चोरी की पूरी वारदात कैद मिली। संतोष सोनी के अनुसार, दोनों आरोपी सोने की असली चेन चुरा लेते थे और उसकी जगह नकली चेन लगा देते थे। उन्होंने धीरे-धीरे करके लगभग 15 लाख के करीब का माल चोरी हो गया। जिसमें से 35 से 40 ग्राम सोना गहना ज्वेलर्स पर बेचा गया।

### चोरी का माल खरीदना भी गुनाहः पुलिस

कोतवाली थाना प्रभारी (टीआई) सीपीएस चौहान ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा लगभग 15 लाख मूल्य का माल चोरी करके बेचा गया था। पुलिस ने आरोपी पवन गोस्वामी को गिरफ्तार किया, जिसने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया। टीआई चौहान ने बताया कि आरोपी पवन गोस्वामी ने कबूला है कि उसने चोरी का कुछ माल अपने पास रखा है और कुछ माल गहना ज्वेलर्स पर बेचा है। इसके बाद पुलिस ने गहना ज्वेलर्स पर पहुंचकर विवेचना की। पूछताछ में पता चला कि लगभग 5 लाख रुपए का चोरी का सोना गहना ज्वेलर्स पर बेचा गया या उसके बदले में बदला गया था।

### मालिक की गैर-मौजूदगी में करते थे चोरी

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी मालिक की गैर-मौजूदगी में धीरे-धीरे चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। फिलहाल, पुलिस ने 15 लाख रुपए का माल बरामद कर लिया है। चूंकि चोरी का माल खरीदना भी अपराध है, इसलिए पुलिस ने गहना ज्वेलर्स के कर्मचारी और मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की है। टीआई चौहान ने कहा कि दूसरे फरार आरोपी उमेश योगी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के निर्देशन में खनिज अमले द्वारा भ्रमण के दौरान दिनांक 07 एवं 08 दिसम्बर 2025 को रूठियाई में खनिज का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली चैसिस क्रमांक MBN-GAANUULJC00159 को जप्त कर चौकी-रूठियाई में एवं म्याना बांसखेडी गुना में एक ट्रैक्टर-ट्राली क्रमांक MBNAJ48AFL TK 53764 द्वारा रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर कार्यवाही करते हुये कलेक्टर कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया हैं।उक्त कार्यवाही में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव, सैनिक राजीव रघुवंशी, सैनिक हाकिम सिंह रघुवंशी, सैनिक रघुनंदन रघुवंशी की कार्यवाही में भूमिका रही है।

## सानई के झिरी तिराहे पर नाकबंदी कर बाइक सबार अंतरराज्यीय स्मैक तस्कर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे और उनकी टीम द्वारा राजस्थान तरफ से अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्करी की सूचना पर तत्पर और सख्त कार्यवाही की गई है । 7 दिसंबर की रात में मृगवास थाना पुलिस को सूचना मिली कि छबड़ा तरफ से हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकिल क्रमांक RJ28 SX 2124 पर एक व्यक्ति नशीला पदार्थ स्मैक लेकर सानई की ओर आ रहा है । स्मैक तस्करी की इस सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तस्कर की धरपकड़ हेतु तत्काल सानई पुलिस चौकी से पुलिस की एक टीम रवाना हुई टीम द्वारा झिरी तिराहे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति का इंतजार किया एवं कुछ ही देर बाद मुखबिर के बताए हुलिए की मोटर सायकिल व व्यक्ति के आने पर पुलिस फोर्स द्वारा उसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया, पूछताछ पर उसने अपना नाम सोनू पुत्र पृथ्वीराज मीना उम्र 25 साल निवासी ग्राम हाण्डीखो थाना छीपाबड़ोद जिला बांरा राजस्थान का होना बताया एवं मुखिबर सूचना के आधार पर जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 104.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई । आरोपी से बरामद स्मैक कीमती 10.40 लाख रुपये एवं स्मैक तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमती 80 हजार रुपये सहित कुल 11.20 लाख रुपये का मसरुका विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और जिसके विरुद्ध मृगवास थाने में अपराध क्रमांक 180/25, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

## जिले के 1812 विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले के 1812 शासकीय प्राथमिक/ माध्यमिक/ एकीकृत हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 3 से 8 वीं तक के छात्र/ छात्राओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक दो पालियों में प्रारंभ हो गई है। जिले में एसआईआर का कार्य चलने के कारण 24 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं का समय परिर्वतन किया गया हैं। कक्षा 3 से 5 की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12-30 बजे तक संचालित की जा रही हैं। तथा कक्षा 6 से 8 की परीक्षा दोपहर 1-30 बजे से 4 बजे तक संचालित की जा रही हैं। जिले के समस्त विकासखण्डों में लक्ष्य अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हो रहे है। जिले में 1812 शालाओं के 84465 बच्चें अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में सम्मलित होंगे।

परीक्षा में एपीसी अकादमिक के द्वारा शा.मा.वि जाटपुराशा.मा.वि कर्नलगंज में परीक्षा निरीक्षण तथा बीआरसीसी गुना एवं सीएसी राजेन्द्र साहू द्वारा शा.उ.मा.वि कन्या कैंट का निरीक्षण किया। परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित पाई गई। जिला शिक्षा केन्द्र से एपीसी अकादमिक के द्वारा बताया गया कि जो बच्चे अर्द्धवार्षिक परीक्षा में निर्धारित उत्तीर्ण अंक प्राप्त नहीं कर पाते उन बच्चों की 15 दिवस रेमेडियल कक्षाए संचालित कर पुनः उस विषय का मूल्यांकन कार्य करायेगें एवं बच्चों की दक्षता पूर्ण कर अंको की पोर्टल पर एंटी पूर्ण कराएगें। समस्त शाला प्रभारी परीक्षा के पश्चात मूल्यांकन कार्य सम्बधित विषय शिक्षक से संपन्न करा कर 5 दिवस में रिजल्ट तैयार कर] रेमेडियल बच्चों की सूची तैयार करेगें एवं उनका कमजोर क्षेत्र का पुनः मूल्यांकन कर अंको की एंट्री पूर्ण करेगें। सुबह की पाली में कक्षा 3 से 5 के छात्र/छात्राओं की परीक्षायें समस्त विकासखण्डों में शांतिपूर्वक संपन्न कराई गयी एवं दोपहर की पाली में कक्षा 6 से 8 के छात्र/छात्राओं की परीक्षायें संचालित कराई जा रही हैं।

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



**समाचार संक्षेप**

## परोपकार संस्था द्वारा किए वस्त्र वितरण



**राघौगढ़।** परोपकार संस्था एवं सत्यम शिवम सोशियल ग्रुप आफ फाउंडेशन राघौगढ़ के संयुक्त तत्वधान में पिछड़ी बस्ती ग्राम भीडू पहाड़ी पर साधारण आम नागरिकों, बच्चों, किशोरियों सहित वृद्ध जनों को आवश्यकता के अनुसार ऊनी एवं सूती वस्त्रों का वितरण किया गया।यह कार्यक्रम मुख्य आतिथ्य शासकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. जवाहरलाल द्विवेदी के मार्गदर्शन में पिछले चार वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. जवाहरलाल द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में ग्रामीण जनों से सामाजिक सरोकारों पर संवाद किया और जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने हेतु अपील की गई एवं अपने बच्चों शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु समझाइश दी कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिला पंचायत गुना से पधारे जिला समन्वयक संदीप मेहरा द्वारा ग्रामीण और शहर के बीच सामाजिक सरोकार पर अपना उद्बोधन दिया गया उक्त वस्त्र वितरण की सूत्रधार कुमारी दीपा भार्गव ने अपने हाथों से नौनिहालों एवं वंचित समाज की माताओं–बहनों को वस्त्र प्रदान किए और उनसे निवेदन किया कि वे अपने शिशुओं की समुचित देखभाल करें, उनकी सफ़ाई का विशेष रूप से ध्यान रखें तथा विभिन्न नशे की लत से जूझ रहे घर के सदस्यों को नशा छोड़ने के लिए समझाइश दी इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शोभा मेर,सत्यम शिवम सोशियल ग्रुप आफ फाउंडेशन के सदस्यतथा परोपकार संस्था ,से ख़ुशी भार्गव, पूजा सैनी, सत्यम, अलीशा, रानी, शिफ़ा तथा विभिन्न ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सन्मति विद्या मंदिर, कुंभराज के विद्यार्थियों का मध्यप्रदेश विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण



**चाचौड़ा।** विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा के अंतर्गत सन्मति विद्या मंदिर, कुंभराज के छात्र-छात्राओं ने दिनांक 8 दिसंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही को निकट से देखा और वहां होने वाली चर्चाओं को समझते हुए व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चाचौड़ा विधायक श्रीमती प्रियंका पेंची से भी आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती पेंची ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका के विषय में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाया और सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्हें शासन-प्रशासन के कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में मुनि निरोग सागर जी के मंगल प्रवचन

# जैन धर्म जीने की कला ही नहीं मरने की कला भी सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

धर्मनगरी राघौगढ़ में अपूर्व धर्म प्रभावना के साथ चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के तीसरे दिन आज आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि निरोग सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा जैन धर्म अद्वितीय एवं अलौकिक है। वर्तमान देश में शिविर लगाकर आमजन को जीने की कला सिखाई जाती है। मगर जैन धर्म हमें जीने की कला ही नही मरने की भी कला सिखाता है। आपने कहा इस ऐतिहासिक नगरी राघौगढ़ में फूस के माह में कड़कती ठंड के बीच श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान का आयोजन एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज का ससंघ सानिध्य आपका महान सौभाग्य है। राघौगढ़ नगर गौरव हमारे गुरु भाई मुनि निर्लेप सागर जी महाराज परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित 130 वे मुनि है। उन्होंने यह देख कि यह संसार असार है। मोक्ष मार्ग पर बढ़ने के लिए त्याग और तपस्या करना पड़ेगी। आपने आगे कहा श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान तो आपने अनेक बार किये होंगे। मगर यह संयोग




पहली बार मिला है कि मुनि संघ विराजमान है, मुनि निर्लेप सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के परिवारजन रावत परिवार इस धार्मिक अनुष्ठान के पुण्यार्जक हैं और देश के सुप्रसिद्ध विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी कटंगी का कुशल निर्देशन मिला है।मुनि निरोग सागर जी प्रवचन में कहा दिनांक 10 दिसंबर को धार्मिक अनुष्ठान में 64 ऋद्धि विधान हम भक्ति भाव से करेंगे। आप सभी इस आयोजन में समर्पण भाव से सम्मिलित हो।इस शुभ अवसर पर ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि योग सागर जी महाराज के भी मंगल प्रवचन हुए। आयोजन समिति के मंच व्यवस्था संयोजक विकास कुमार जैन ने उल्लेख किया मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद राजा दिग्विजय सिंह का संदेश प्राप्त हुआ है कि वर्तमान में दिल्ली में संसद चल रही है इस कारण में राघौगढ़ उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं इसका उन्हें खेद है उनकी ओर से मुनि संघ के चरणों में नमोस्तु बोला। बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी ने इस अवसर पर कहा मुनि निर्लेप सागर जी महाराज ने मुझे दो वर्ष पूर्व अवगत कराया था कि मेरे गृहस्थ जीवन के परिवारजन आपके निर्देशन में राघौगढ़ नगर में सिद्ध चक्र मंडल विधान का आयोजन करना चाहते हैं मुनि श्री के आदेश का पालन हुआ और आज यह विधान भक्ति भाव एवं सिद्धों की आराधना के साथ चल रहा है। आपने राघौगढ़ नगर के धर्म प्रेमियों की भी सराहना करते हुए कहा कि मैं देश के अनेक नगरों में के धार्मिक अनुष्ठान कराता हूं। मगर राघौगढ़ की धर्म परायणता अनूठी एवं अद्वितीय है। प्रातः काल 8:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा हुई 9:00 बजे मुनि महाराज के मंगल प्रवचन हुए। विधान की पूजन एवं 16 अर्घ सोलह कारण भावना के चढ़ाये गए। शाम 5:15 बजे आचार्य भक्ति हुई रात्री 7:20 बजे से श्री भक्तामर पाठ दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक आरती हुई। रात्रि 8:00 बजे बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के मंगल प्रवचन हुए। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने जारी विज्ञप्ति में बताया है दिनांक 9 दिसंबर को प्रातः 7:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा होगी। प्रातः 8:00 बजे से श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान की पूजन प्रारंभ होगी। एवं सिद्ध भगवान को 32 अर्घ समर्पित किए जाएंगे। प्रातः काल 9 बजे मुनि महाराज के मंगल प्रवचन होंगे।शाम 5:15 बजे मुनि संघ के पावन सानिध्य में आचार्य भक्ति होगी। रात्रि 7:20 बजे भक्तांबर पाठ के साथ दीप प्रज्वलन, भक्तांबर आरती एवं संभवनाथ भगवान की आरती होगी। रात्रि 8:00 बजे बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के मंगल प्रवचन होंगे।

## राघौगढ़ विधानसभा प्रत्याशी भाजपा नेता हीरेंद्र सिंह ने जैन संत से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

राघौगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी भाजपा नेता हीरेंद्र सिंह 'बंटी' बना ने रविवार को क्षेत्रीय प्रवास के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम आरोन नगर पहुंचकर चातुर्मास कर रहे पूज्यनीय जैन संत परम पूज्य मुनि 108 श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर हीरेंद्र सिंह बंटी बना ने सकल दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं समाज जनों से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया और समाज के वरिष्ठजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।इसके



पश्चात वे आमखेड़ा मूंगीश पहुंचे, जहां उन्होंने श्री भोला राजपूत के निवास पर पहुंचकर नवविवाहित दंपति को सुखद, मंगलमय एवं सफल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के अंतिम चरण में भाजपा नेता पनवाड़ी ग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता श्री भगवत सिंह रघुवंशी जी से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।क्षेत्रीय दौरे के दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उनका स्वागत किया। इस प्रवास को सामाजिक समरसता एवं जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### स्वच्छता अभियान के तहत राष्ट्रवादी संघ ने किया भुजरिया तालाब पर श्रमदान

**गुना।** राष्ट्रवादी संघ ने सदैव ही शासन, प्रशाशन के सहयोगी की भूमिका निभाते हुए, प्रकृति, पर्यावरण और सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाई है इसी तारतम्य में आज 08 दिसंबर से प्रशाशन और नगरपालिका की ओर से तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान में राष्ट्रवादी संघ द्वारा भुजरिया प्राकृतिक जल श्रोतों की सुरक्षा, स्वच्छता और संवर्धन हेतु, तालाब पर पहुंचकर सफाई कार्य आरंभ किया !इस अवसर पर शासन, प्रशाशनकर्मियों के अतिरिक्त राष्ट्रवादी संघ के साथी मौजूद रहे और स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया, राष्ट्रवादी संघ की ओर से एडवोकेट मनोज सिंह राठौड़, कप्तान राव देशमुख, संदीप गोस्वामी, संजय सोनी, विकास सिंह परिहार, नैतिक जादौन, वरुण विश्वकर्मा, संजीव सिंह बघेल, दुर्गेश महाराज उपस्थित रहे।

# मुनि श्री दुर्लभ सागर का आरोन से हुआ मंगल विहार, ऐतिहासिक रहा मुनि संघ का चातुर्मास

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

आरोन नगर में विगत पांच माह से चातुर्मास एवं बर्षायोग हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम- प्रभावक शिष्य वात्सल्य मूर्ति बीजाक्षर प्रणेता मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज का मंगल विहार सोमवार को हो गया।सायं को 4:30 बजे मुनि श्री दुर्लभ सागर एवं क्षुल्लक श्री निर्धूम सागर जी महाराज ने बड़ा जैन मन्दिर से पैदल विहार किया। जैसे ही नगर वासियों को मुनि संघ के विहार की सूचना प्राप्त हुई गुरु भक्त भी हजारों की संख्या में नम आंखों से विदाई देते हुए मुनि संघ के पैदल विहार में सम्मिलित हो गए।अद्वितीय रहा मुनि श्री चातुर्मास एवं बर्षायोग चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 7 जुलाई को मुनि संघ का नगर आगमन हुआ था एवं 13 जुलाई को मुनि संघ के चातुर्मास एवं बर्षायोग के मंगल कलश की स्थापना हुई थी। आरोन नगर में मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के बर्षायोग एवं मंगल चातुर्मास काल के दौरान आरोन जैन समाज ने



साधिका आश्रम का उद्घाटन,जैन गौशाला के मान स्तंभ में जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमाओं की स्थापना, पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में वेदी शिलान्यास,बड़ा जैन मन्दिर पर सुज्ञान जागृति पाठशाला के नवीन भवन का शिलान्यास,बड़ा जैन मन्दिर एवं शांतिनाथ मंदिर में अमृत कुंड निर्माण,वर्धमान कॉम्पलेक्स में सिद्ध चक्र 108 महामंडल विधान व रत्नत्रय दुर्लभ गाथा जैसे विशाल आयोजन एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्राप्त किया।योग एवं ध्यान से आध्यात्मिक चेतना जागृत की मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से योग ध्यान आसन एवं प्राणायाम की कक्षा के माध्यम से जन मानस में आध्यात्मिक की शिक्षा प्रदान करते थे।पांच माह तक श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों के सानिध्य में रहकर अपने भीतर आध्यात्मिक चेतना को जागृत किया। मुनि श्री के योग एवं ध्यान के साथ साथ उनकी प्रेरणा से लगाया गया 8 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का लाभ जैन अजैन सभी ने लिया। मुनि श्री ने सिखाया क्रोध पर नियंत्रण करना मुनि श्री द्वारा प्रतिदिन दिए जाने वाले मंगल प्रवचनों के माध्यम से जिन सरस्वती जैसे ग्रंथों के अध्ययन के साथ साथ लगातार 42 दिन तक क्रोध को दूर करने के भी उपाय बताए।मुनि श्री द्वारा क्रोध विषय पर दिए गए मार्गदर्शन का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया और अपने क्रोध पर नियंत्रण स्थापित किया।32 दिवसीय वैराग्य शिविर से दिखाई संयम की राहमुनि श्री दुर्लभ सागर के द्वारा अगस्त माह से सितंबर माह तक 32 दिवसीय संवेग वैराग्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

# वुशू में मुंगावली प्रथम, अशोकनगर द्वितीय, वुशू संघ द्वारा आयोजित




**अशोकनगर।** जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता एवं नेशनल सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी क्लब स्थित वुशू हॉल में किया गया। मध्यप्रदेश शासन से विश्वामित्र अवार्डी कोच ब्रजेश धुरेंटे के अनुसार अशोकनगर सहित मुंगावली, ईशागढ़ के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर मुंगावली के माँ कान्वेंट स्कूल ने प्रथम स्थान एवं अकादमिक हायट्स स्कूल के वुशू खिलाड़ियों को दूसरा स्थान एवं अशोकनगर के स्वामी विवेकानंद स्कूल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं ए.पी.एस.अकादमी स्कूल व रोटरी क्लब को संयुक्त रूप से चैथा स्थान प्राप्त हुआ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर सोनाली पाल, अगमप्रीत कौर मुंगावली को उत्कृष्ट गर्ल्स खिलाडी अवार्ड एवं भावेश सेन, उदयवीर केवट को अशोकनगर को उत्कृष्ट बॉयज खिलाडी अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अथिति जिला वुशु संघ के अध्यक्ष दया सिंह एवं जिला वुशु संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा के मुख्य अथित्य में शिक्षा विभाग से जितेन्द्र जाट, रेल्वे प्रबंधक रानी मधुकर, पंजाब बैंक के सचिन मधुकर, बैंक ऑफ़ बड़ौदा से पवन चैरसिया, सतीश चैरसिया, ने खिलाड़ियों को मैडल एवं पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं प्रतियोगिता में निर्णायकों की अहम भूमिका में राजदीप सिँह, आरती विश्वकर्मा, पवन जाटव, निखिल धुरेंटे,सिमोन बालू, जिया धौलपुरिया,राधा ओझा सोनम केवट, राशि बालू विनोदपाल चंद्रमुखी कौशिक समीर पाठक, संभवी चैहान ने महत्वपूर्ण कार्य कर प्रतियोगिता में सहयोग दिया। प्रतियोगिता में पदक विजेताओं में कुछ भार वर्गों में चयनित खिलाड़ियों कों राष्ट्रीय स्पर्धा उत्तराखंड एवं छत्तीसगढ़ में होने बाली नेशनल स्पर्धाओं में शामिल कराया जायेगा।



### धर्म के साथ जुड़कर हमें अपने जीवन का उद्धार करना चाहिए: मुनिश्री निर्भय सागर

**ईसागढ।** मुनिश्री निर्भय सागर जी महाराज ने ईसागढ़ में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अर्ध चढ़ाना, आरती करना इत्यादि प्रत्येक धार्मिक क्रिया के साथ विज्ञान और अध्यात्म जुड़ा हुआ है यह क्रिया कांड नहीं बल्कि जीवन का आधार है इसलिए इन सब क्रियाओं को श्रद्धा भक्ति पूर्वक करना चाहिए। हमें नास्तिक नहीं आस्था वादी बनना है। भारतीय संस्कृति आतंकवादी नहीं आस्थावादी बनाती है प्रत्येक धर्म में श्रद्धा भक्ति और इष्ट देवता का महत्व है। इस्लाम में पैगंबर मोहम्मद साहब आदि को सिख धर्म में गुरु नानक को बौद्ध में बुद्ध को पारसी में ईशा को हिंदू में राम हनुमान ब्रह्मा विष्णु महेश को और जैन धर्म में आदिनाथ से लेकर महावीर स्वामी तक 24 तीर्थंकरों को आराध्य मानकर पूजा जाता है इसलिए प्रत्येक धर्म में कोई ना कोई परमात्मा और पूजा अर्चना आवश्यक है इसलिए किसी का विरोध नहीं करना चाहिए।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रति सोमवार को होने वाली साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। शिकायतों के समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण किये जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण प्राथमिकता से किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का समाधान सुनिश्चित हो।

बैठक में उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के 13 दिसम्बर को दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की उपलब्धियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समृद्ध किसान-समृद्ध मध्यप्रदेश के अंतर्गत कृषि से संबंधित गतिविधियों का समावेश किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विमुक्त जाति बालक छात्रावास भवन के निर्माण हेतु चंदेरी एवं अशोकनगर में शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर पिछड़ा वर्ग विभाग को उपलब्ध कराई जाए। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा पेंशन का भौतिक सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिला अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा गौशालाओं,छात्रावासों तथा विभागीय निरीक्षण रोस्टर अनुसार किया जाए। साथ ही निरीक्षण उपरांत रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यालय एवं निवास से प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर समय सीमा में अधिकारियों द्वारा भेजे जाने के निर्देश दिए गए। केन्द्रीय मंत्री की जनसुनवाई तथा जनसंपर्क कार्यालय में प्राप्त आवेदनों की निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी मंत्री से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्रों का जबाव अविलंब दिये जाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने परामर्शदात्री समिति की विभागीय बैठकें नियमित अंतराल से आयोजित किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## नपा अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन




**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को वार्ड क्रमांक 04 के निवासियों को एक सौगात मिली है, कॉलोनी में 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य डॉ. डी.के. जैन साहब के घर से लेकर रघुनाथ धाम मंदिर तक किया जाएगा, जिसके तहत सी.सी. (कंक्रीट) सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन समारोह नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, विपिन शिवहरे, मोनू रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, गोपाल ओझा, योगेश खेरा, सनत शर्मा, बाबा शिवहरे, नगर पालिका से उपयंत्री भानु कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहें। नपा अध्यक्ष मानोरिया ने बताया कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही अन्य वार्डों में भी लंबित निर्माण कार्यों को शुरू किया जाएगा।

### ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में प्रारंभ हुई तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय संजय स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक ने जूनियर वर्ग की कबड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल आदि टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिताओं का आरंभ कराया। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल, रस्साकस्सी, गिल्ली-डंडा, सितोलिया, चपेटा, अष्टा-चंगा, गोला फेंक, लंबी कूद सहित विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर विजेता टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।जिला स्तरीय प्रतियोगिता में केंद्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी,सलिल त्रिपाठी, सनत शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष सचिन चैधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश आदि रहे मौजूद।

रक्षा समिति के सदस्यों का आयोजन

# जिला स्तरीय सम्मेलन और कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस लाइन अशोकनगर में नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों का जिला स्तरीय सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए 150 से अधिक नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य उत्साहपूर्वक उपस्थित हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समिति सदस्यों को आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों एवं सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें प्रशिक्षण द्वारा सशक्त बनाना रहा।

कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा समिति सदस्यों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साइबर अपराधों से सुरक्षा एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सउनि




अभिजीत द्वारा दी गई, जिसमें उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित व्यवहार की उपयोगिता पर बल दिया। इसी क्रम में उनि0 सत्येन्द्र कुशवाह ने महिला एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध, त्वरित पुलिस सहायता, हेल्पलाइन, पीड़ति संरक्षण एवं कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने समाज में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखने की बात कही और समिति सदस्यों को इस दिशा में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। सूबेदार अजीत सिंह द्वारा नगर रक्षा विधेयक, समिति के कर्तव्य-दायित्व, समुदाय-पुलिस समन्वय तथा सामुदायिक पुलिसिंग के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि समिति सदस्य पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास का सेतु हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी अपराध नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डॉ. सी.पी. यादव जिला अस्पताल अशोकनगर द्वारा समिति सदस्यों को सीपीआर/बीएलए प्रशिक्षण, आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार, स्वस्थ जीवनशैली, हेल्थी डाइट, नियमित हेल्थ चेकअप एवं शारीरिक फिटनेस के महत्व के संबंध में भी विशेषज्ञों द्वारा उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों का चिकित्सीय परीक्षण कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर एवं ग्राम रक्षा समिति, पुलिस एवं समाज के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है। शेष सदस्यों को भी उनके दायित्व निर्वहन हेतु आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल लोधी, थाना प्रभारी यातायात निरी. स्नेहा ठाकुर, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी महिला थाना निरी. ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी अजाक निरी. ब्रजमोहन रावत, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा आदि रहे मौजूद।

**In The Court Of II Civil Judge, Junior Division, District Court, Ashoknagar**

**Presiding Officer: सुश्री. प्रिया चौहान**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCS A/0000166/2025)**

धर्मेन्द्र रघुवंशी.......................... वादी
Vs
जनसाधारण..... ...प्रतिवादी
Process Id-/2025
प्रेषिती- **पेशी दिनांक : 06/01/2026**
(1) जनसाधारण पता- अशोकनगर

यह कि प्रार्थी धर्मेन्द्र रघुवंशी ने आपके विरूद्ध दैनिक समाचार पत्र के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश सुश्री. प्रिया चौहान**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खंड, जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### राजनैतिक दलों की बैठक 10 दिसम्बर को

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य किया जा रहा है।विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ 10 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### म.प्र. राज्य खाद्य आयोग का जिले में भ्रमण 18 दिसंबर को

**अशोकनगर।** म.प्र. राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा द्वारा 18 दिसंबर को अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष मल्होत्रा 18 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 02 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे।

### दो बाईक आपस में टकराई, दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अतंर्गत ठेका जोड के पास ईसागढ रोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में दोनो बाईक सवारों को चोटें आई हैं। एक पक्ष की ओर से सोहिल खान निवासी पिपरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सामने से बाईक के चालक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मुलायम पुत्र मालम आदिवासी निवासी इमझेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक के चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम जगतपुर निवासी हावीर सिक्ख के पास से पुलिस 12 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसरायं पुलिस ने भैंसा निवासी धर्मसिंह केवट के पास से हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कदवाया थाने की पुलिस ने ईदोर निवासी अनिल यादव के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस पुलिस ने मीरकाबाद निवासी धनराज सांसी से 5 लीटर और रूमाबाई सांसी निवासी गुर्जर मोहल्ला से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तायडे कॉलोनी निवासी बंटी शर्मा उम्र 50 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पुत्र शुभम शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी देवेन्द्र श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भारतभूषण और अर्चना श्रीवास्तव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त


**अशोकनगर।** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। रिक्त पंच एवं सरपंच पद के उप निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा जनपद पंचायतों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत पंच पद के लिए प्रभारी तहसीलदार अशोकनगर भारतेन्दु यादव को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार अशोकनगर(वृत्त कचनार) शम्भु सिंह मीणा तथा नायब तहसीलदार शाढौरा कार्तिकय मुगदल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,जनपद पंचायत ईसागढ़ अंतर्गत पंच पद हेतु प्रभारी तहसीलदार ईसागढ़ रोहित रघुवंशी को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया।

## आज होगा 7 दिवसीय महोत्सव की कलश यात्रा और ध्वजारोहण से शुरूआत

# शहर दुल्हन की तरह सज धज कर तैयार, पूरा शहर बैनरों से पटा











हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आखिर जिस घड़ी का इंतजार था वह घड़ी आ ही गई। 7 दिवसीय उस विशाल पंच कल्याणक महोत्सव की भव्य शुरूआत से पहले ही शहर दुल्हन की तरह सजकर तैयार है। शहर का ह्रदय स्थल, गांधी चैक दिन में और रात में भी स्वागत द्वारों से भरा पड़ा है। जिन मार्गों से आयोजन स्थल तक जाया जाता है वह सभी रास्तों के मकान बिजली की रोशनी से जगमगा रहे हैं। ऐसा आयोजन शहर में 33 साल बाद लोगों को देखने मिल रहा है। इस महामहोत्सव में आज से मंगल कलश यात्रा के साथ भव्य शुरूआत हो रही है। जैसे ही यह मंगल कलश यात्रा आयोजन स्थल अयोध्या नगरी पहुंचेगी वहां ध्वजारोहण विनोद मेडीकल परिवार द्वारा किया जाएगा। इस सम्पूर्ण आयोजन पुंगव मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में हो रहा है। इस आयोजन के प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया हैं।

### कई केन्द्रीय मंत्री, विधायक और प्रदेश सरकार के मंत्री शामिल होंगे

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि इस सम्पूर्ण आयोजन में प्रतिदिन 15 दिसम्बर तक आयोजन होगें। इन आयोजनों में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान, गोविन्द्र सिंह राजपूत, नरेन्द्र सिंह तौमर, प्रद्यूमन तौमर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य, केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधायक हरीबाबू राय, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव और राघौगढ़ के विधायक जयर्वधन सिंह को भी आंमत्रित किया गया है।

### आज निकलेगी घट यात्रा, 18 बग्गी, 3 विमान

स्थानीय कृषि उपज गल्ला मण्डी में इस आयोजन को लेकर अयोध्या नगरी बनाई गई है। यहां भगवान के जन्म से लेकर मोक्ष के कल्याणक आयोजित होगें। इस मौके पर सुबह 7 बजे सुभाषगंज जैन मंदिर परिसर से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जिसमें 3 विमान, श्री जी की पालकी, मुनि संघ का सानिध्य, सभी 18 पात्र बग्गियों में सवार होकर, डीजे और वैण्ड वाजों के साथ महावीर मार्ग, गांधी चैक, फुटओवर ब्रिज होते हुए कृषि उपज गल्ला मण्डी पहुंचेगें। जहां प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के सानिध्य में ध्वजारोहण, मण्डप शुद्धि के आयोजन किए जाएगें। उसके बाद मुनिश्री की मंगल देशना का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे से मंगलाष्टक, शांतिमंत्र, पात्र शुद्धि, सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा, मंगल कलश स्थापना, शांति कलश स्थापना, अखण्ड द्वीप स्थापना एवं याज्ञ मण्डल विधान का आयोजन होगें। रात्रि को छप्पन अष्ट कुमारियों द्वारा गर्भ कल्याणक के पूर्व सौधर्म इन्द्र सभा में माता को भेंट, देवीयों द्वारा माता की सेवा,तत्व चर्चा, सोलह स्वपन दर्शन, गीत नृत्य और मध्य रात्रि में गर्भ कल्याणक की आंत्रिक क्रियाए आयोजित की जाएगीं। उससे पहले शाम 5-30 बजे आचार्य भक्ति, जिज्ञासा समाधान, महाआरती, और प्रवचनों का आयोजन होगा।

### उल्टा चश्मा सीरियल के कलाकार भी आयोजन का हिस्सा बनेंगे

विजय धुर्रा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकारों में जेठालाल सहित अन्य कलाकारों को भी आंमत्रित किया गया है। अंतिम दिन गजरथ की फेरी का आयोजन होगा जिसमें बिहार से हाथियों को बुलाया गया है। जिनके द्वारा गजरथ की परिक्रमा पूरी की जाएगी। इसके अलावा मुरादाबाद से आर्टिफिशयल हाथीं भी आर्कषण का केन्द्र होगा। प्रतिमाएं भी प्रतिष्ठा के लिए पहुंचना प्रारंभ हो गई हैं। यहां श्रद्धालुओं के लिए भोजनशाला का निर्माण किया गया है। त्यागी व्रतियों के लिए अलग, इन्द्र इन्दानियों के लिए अलग और भक्तों के लिए अलग भोजन शाला बनाई गई है।

### हम अपनी गलतियों को देखें और जीवन को अच्छा बनाएं: मुनिश्री

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा से पूर्व धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि दूसरे की छोटी छोटी गलतियां दिख जाती है हम अपनी ग़लतियां नहीं देखते अपने जीवन को अच्छा बनने के लिए सबसे पहले हमें अपनी को देखने कि कला सिखाना होगी। हमसे दूसरे लोगों को बहुत लाभ हो रहा है लेकिन स्वयं का कुछ नहीं हो पा रहा। यह जितने ज्योतिष होते हैं वह दूसरों के भविष्य को बता रहे हैं डॉ दुनिया की चिकित्सा कर रहे हैं लेकिन स्वयं का उनसे इलाज होता ही नहीं है। जब जब ज्ञान करने का उद्देश्य आजीविका रहेगा तो आप स्वयं के लिए कुछ नहीं कर पाये, जब जब भी पूर्व कर्म कर उसके बदले दुनिया की सुख सुविधा ख्यति लाभ पूजा मांग और वस्तुता उसे स्वयं के किये कर्म से उसे सब कुछ मिला लेकिन उसके धर्म करने के भाव नहीं होंगे। रावण ने रहने को सोने के लंका चाहीं और मिली। रावण ने पूर्व भव में बहुत सेवा की दान पुण्य करना अच्छी चीज है।

## रात के समय हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुना अशोकनगर सड़क मार्ग पर शाढ़ौरा रेलवे फाटक से पहले डेढ से दो किलोमीटर का हिस्सा घटनाओं का हब बनता जा रहा है। यहां एक के बाद एक कईं घटनाएं हो रही हैं। बीती रात फिर एक घटना हुई यहां सड़क हादसे में एक 45 वर्षीय बाईक चालक धर्मेन्द्र अहिरवार की मौत हो गई। चक्क चिरौली निवासी धर्मेंद्र पिता हरिराम अहिरवार अशोकनगर स्थित एक वेयरहाउस में काम कर घर लौट रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। यह घटना रात करीब 10:30 बजे के करीब हुई। हादसे के बाद धर्मेंद्र को एंबुलेंस से शाढ़ौरा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी शिनाख्त हुई। परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। सोमवार सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर रविवार दोपहर 2 बजे भी एक अन्य सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमें एक कार ने पीछे से दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी थी। इस घटना में भी एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। एक ही दिन में एक ही जगह पर दो बड़े हादसे सामने आए हैं। यह वहीं स्पॉट है जहां अशोकनगर से 20 लाख रूपए लेकर जा रहे शाढ़ौरा के व्यापारी नीरज साहू के साथ लूट की घटना हुई थी। यह स्थान अब घटना दुर्घटनाओं का हब बनता जा रहा है। एक के बाद हुई 3 घटनाओं के बाद यहां इस तरह की घटनाओं को रोकने की जरूरत है। सड़क दुर्घटनाओं के पीछे कहीं ऐसा तो नहीं है कि वाहन चालक शराब पीकर वाहन चला रहे हों।

### पुलिस पेट्रोलिंग की मांग

गुना-अशोकनगर सड़क मार्ग साधारण नहीं है यह दो जिलों को जोड़ने वाला मार्ग है यहां 24 घण्टे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। बीच में रेल का फाटक भी पड़ता है ऐसी स्थिति में आए दिन होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए शाढ़ौरा से अशोकनगर के बीच दिन में और रात में पुलिस पेट्रोलिंग की आवश्यकता है। फाटक से शाढ़ौरा तक का रास्ता सिर्फ 2 किलोमीटर है और फाटक से अशोकनगर का रास्ता 12 किलोमीटर है। इस 12 किलोमीटर के हिस्से में 7 किलोमीटर का हिस्सा सबसे खतरनाक है। यहां घटना दुर्घटना की संभावनाएं ज्यादा हैं। क्योंकि यही नगउखेडी का तिराहा है और इसी के पास से दियाधरी और वायंगा का रास्ता निकलता है जो आगे लम्बा जाकर जुड़ता है। ऐसे में इस 7 किलोमीटर के हिस्से में पुलिस चौकसी की जरूरत है।

### स्मृति उद्यान के पौधों में याद रहेंगी मां की यादें

**ईसागढ।** ग्राम पंचायत तिघरा के ग्राम चक्क बानोरा में वीर सिंह जाट,सत्येंद्र जाट, की पूज्य माताजी की तेहरवी में सतपाल सिंह जाट ने आंवला,अशोक,अनार,गुलाब सहित फल व छायादार पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण हेतु युवा श्रद्धांजली एवं समाजजनों के साथ स्मृति स्वरूप पौधा भेंटकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु मौन धारण कर व्हाटसअप से चिट्ठी स्वीकार करने का निर्णय लिए,अखिल भारतीय जाट महासभा युवा इकाई के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह जाट, कार्यकारिणी सदस्य दीपक जाट चक्कबानोरा,,हंसराज सिंह करोंदी जाट ,मोनू जाट तिघरा,सरजीत सिंह जाट जोलन,सरपंच ग्राम पंचायत भगवानपुर सुमन अर्जुन सिंह जाट, सरपंच ग्राम पंचायत तिघरा छाया अजय जाट, वरिष्ठ नागरिक रमेश सिंह जाट चक्क बानोरा उपस्थित हुए, सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



## लूटा गया 2 लाख रुपए का सोना, चांदी बरामद

# ग्राम खैजरा अटारी में हुई डकैती का पर्दाफाश दो मुख्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में विगत दिनों ग्राम खेजरा अटारी थाना शाढौरा अंतर्गत हुई डकैती के 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 04 नबंवर को फरियादी महेन्द्र यादव पुत्र भगवान सिंह यादव उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम अटारी खैजरा, थाना शाढौरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 03 नबंवर की रात लगभग 01.30 से 02.00 बजे के बीच कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके घर से कुछ नगद राशी एवं आभूषण आदि लूट कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाढौरा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा अपराध की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था। विशेष जांच टीम द्वारा विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराध में शामिल आरोपियों हरदौल कंजर पुत्र रूप सिंह कंजर, मिथुन कंजर पुत्र गौतम कंजर, रमेश गुर्जर पुत्र धीरज सिंह गुर्जर सहित अन्य व्यक्ति को चिन्हित किया गया था।

इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण मिथुन कंजर पुत्र गौतम कंजर उम्र 25 साल, हरदौल कंजर पुत्र रूप सिंह कंजर उम्र 27 साल सर्व निवासीगण चिंता का डेरा ग्राम विरयाई थाना कुंभराज जिला गुना को भामावद चैकी जिला गुना से जब आरोपीगण डकैती के माल को लेकर बेचने जा रहे थे उस समय अलसुबह आरोपीगण को पुलिस टीम द्वारा धर दबौचा और डकैती गया माल मशरूका जप्त किया।



शाढौरा थाना पुलिस ने सक्रिय एवं सतर्क कार्यवाही कर उक्त दोनों अज्ञात आरोपीगण मिथुन कंजर पुत्र गौतम कंजर उम्र 25 साल, हरदौल कंजर पुत्र रूप सिंह कंजर उम्र 27 साल सर्व निवासीगण चिंता का डेरा ग्राम विरयाई थाना कुंभराज जिला गुना को गिरफ्तार कर चोरी व लूटे गये माल मशरूका सोने व चांदी के जेबरात कुल कीमती 02 लाख रूपये को विधिवत जप्त किया गया है जो थाना क्षेत्र में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम की ओर कदम बढाकर जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बनाने में सराहनीय कार्य किया है।



### कॉलेज के दल ने उत्कृष्ट विद्यालय का भ्रमण किया

**अशोकनगर।** उच्च शिक्षा विभाग के कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत पीएमश्री कॉलेज शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर के दल ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया। इस दल द्वारा लगातार हायर सेकेण्ड्री स्कलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश को सुगम बनाने और शासन की योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति नोडल अधिकारी डॉ. नवीन पटवा ने अध्यादेश 14, 1 की विस्तार से जानकारी दी। मैजर माइनर एवं एमजीसी चयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। डॉ. योग्यता भार्गव ने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान गंगा परम्परा प्रकोष्ठ एवं अन्य छात्रवृति योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. जेपी अहिरवार ने एमएसएस योजना की जानकारी प्रदान की। एनसीसी के कैडटस की जानकारी दी। गौरीशंकर गुप्ता ने पुस्तकालय संबंधी जानकारी प्रदान की। अरबिन कौशिक ने वाणिज्य संकाय एवं अन्य जानकारियां प्रदान कीं। इस मौके पर गणित,विज्ञान एवं कला संकाय के 65 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थाओं के बीच दिव्यांग शिविर नहीं मिली व्हील चेयर की व्यवस्था



**ईसागढ़।** जनपद पंचायत परिसर ईसागढ में दिव्यांग, वरिष्ठजनों का परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला अशोकनगर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ईसागढ़ जनपद पंचायत प्रांगण में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे अस्थिवाधित 157, दृष्टिबबाधित 11, मानसिक 2 ,श्रवण बाधित 23, एवं 197 बृद्धजनों नें पंजीयन कराया। शिविर में कुल 390 वृद्ध एवं दिव्यांगजनों का पंजीयन हुआ जिनका एलिम्को की टीम नें परीक्षण कर 120 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को कृतिम अंग उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हांकन किया।

जिसमें विभिन्न उपकरण वेटरी वाली ट्राईसाईकिल, बैशाखी, कान की मशीन, चश्मा, कमर बेलट, व्हीलचेयर सहित दिव्यागों को सुगम और वाधामुक्त वातावरण के साथ दैनिक जीवन में उपयोगी उपकरण प्रदान करने हेतु परीक्षण किया, ,शिविर का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष महादेव सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि हरि सिंह रघुवंशी, लखन सिंह रघुवंशी जिला कार्यकारिणी सदस्य सहित एसडीएम त्रिलोचन सिंह गौड़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी. प्रजापति, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजेंद्र प्रजापति, पंचायत इंस्पेक्टर बाबूराम दोहरे,सामाजिक सुरक्षा अधिकारी योगेश सिंह राजपूत एवं डीडीआरसी स्टाफ सहित ड्यूटी में लगाए गए जनपद पंचायत ईसागढ का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे,मंच संचालन सतपाल सिंह जाट ने किया। यहां जो अव्यवस्था देखने मिली वो यह की विकलांग अपने पंजीयन के लिए जब पहुंचे तो वहां तक के लिए व्हील चेयर उपलब्ध नहीं की गई जिससे विकलागों को जमीन पर घिसटते जाना पड़ा दूसरी ओर जो ग्रामीण क्षेत्र से करीब 50 किलोमीटर दूरी से सुबह से निकले उनके लिए इस बार भोजन पैकेट की कोई व्यवस्था नहीं की गई केवल चाय बिस्किट देकर खाना पूर्ति की गई। तीसरी अव्यवस्था यह है कि दिव्यांगों के जो सर्टिफिकेट बनाए गए है,उनमें चिकित्सकों द्वारा विकलांग सार्टिफिकेट में कम प्रतिशत का बनाया जिससे वो उपकरण लेने से वंचित और यूआईडी कार्ड का अपडेट नहीं होना जिससे कई विकलांग का आना उनकी परेशानी बनी साथ ही दिव्यांग शिविर का पंचायतों में सही से प्रचार प्रसार नहीं होना और वहां के सचिवों द्वारा सही जानकारी ना देना अव्यवस्था का मुख्य कारण रहा है।

नकद इनाम घोषित कर बनी विशेष टीम की बड़ी सफलता

# 20 लाख की सनसनीखेज लूट का खुलासा, एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

3 दिसंबर को गुना-अशोकनगर रोड पर नगऊखेड़ी तिराहा और रेलवे फाटक के बीच चार अज्ञात ए बदमाशों ने शाढ़ौरा निवासी नीरज साहू से 20 लाख रुपये की लूट के को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद एसडीओपी के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 5 दिसंबर को मुख्य आरोपी राजा भदौरिया को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने अपने साथी आरोपियों के नाम उजागर किए। जिनमें शिवा उर्फ शिवकुमार रघुवंशी, जसरथ उर्फ सोनू मीना, गोलू उर्फ राहुल मीना और अनिकेत मीना बताए थे।



इसके बाद टीम ने लगातार तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर तंत्र के माध्यम से दूसरे आरोपी अनिकेत मीना (25), निवासी उमरिया कला, जिला गुना को 8 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से साथी आरोपियों द्वारा दिए गए 10 हजार रुपये भी बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले रैकी कर सुनियोजित तरीके से सामूहिक लूट को अंजाम दिया, जिस आधार पर धारा 111 बीएनएस भी जोड़ी गई। शेष फरार आरोपियों और लूटे गए पूरे सामान की बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक




**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार समस्त योजनाओं में शत प्रतिशत प्रगति लाकर अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जाये।

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में लंबित किश्तों का प्रदाय कर अपूर्ण आवासो को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। जिन हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राशि प्राप्त कर ली है और आवासों का निर्माण नही किया गया है,उन हितग्राहियों से राशि की वसूली की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवासों की स्वीकृति प्राप्त हो गई है,उन हितग्राहियों को किश्त प्रदाय कर आवास निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर पात्रता अनुसार अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभांवित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी)घटक के अंतर्गत नगर पालिका अशोकनगर एवं चंदेरी में मल्टी निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन कर डीपीआर तैयार कराने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस)के अंतर्गत पात्रता की पहचान कर 01 सितम्बर 2024 के उपरांत बैंकों द्वारा स्वीकृत आवासीय ऋण के पात्र हितग्राहियों को अधिकतम राशि 1.80 लाख प्रति आवास अनुदान प्रदाय किया जा रहा है, योजना का प्रचार प्रसार कर लक्ष्य अनुसार प्रगति करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शहरी क्षेत्र के गरीबों के लिये अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने हेतु बैंक ऋण राशि 15 हजार एवं जमा करने पर 25 हजार और यह जमा करने पर 50 हजार बगैर ब्याज के प्रदाय करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य के विरूद्ध आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये गये।

## सीएमएचओ के आदेश के विरोध में कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे कर्मचारी

# 22 रोकस कर्मियों को आउटसोर्स में मर्ज कर चार को दे दी नई नियुक्ति

### आरोप -तत्कालीन कलेक्टर ने जिस कर्मचारी को निलंबित किया उसे फिर से रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के तहत विभिन्न पदों पर सालों से काम कर रहे 22 कर्मचारियों को प्रबंधन ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए आउटसोर्स कंपनी में मर्ज कर दिया था। लेकिन, अब उसी अस्पताल प्रबंधन ने पिछले दिनों आदेश जारी कर 4 कर्मचारियों की कंटनजेंसी पर कलेक्टर दर के हिसाब से सेपेरेट नियुक्ति कर दी है।

अस्पताल प्रबंधन के ऐसे दोहरे रवैये से आक्रोषित आउटसोर्स कंपनी में मर्ज किए गए कर्मचारियों ने सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें रोगी कल्याण समिति से हटाते समय कहा गया था कि रोकस को अब शासन द्वारा खत्म किया जा रहा है। ऐसे में आप सभी कर्मचारियों को टैंडर प्रक्रिया उपरान्त निर्धारित आउटसोर्स कंपनी में मर्ज कर वहां से आपका मानदेय दिया जाएगा। लेकिन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गत 17 नवंबर को एक आदेश जारी कर चार कर्मचारियों को कंटनजेंसी पर वार्डबॉय के रिक्त पदों के आधार पर कलेक्टर दर पर नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिया। ऐसे में रोकस से बाहर किए गए उक्त सभी



कर्मचारियों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि हम सभी को किस नियम से रोकस से हटाया गया और फिर नए चार कर्मचारियों को कैसे नियुक्ति दे दी गई। यह दोहरे नियम समझ से परे हैं।

#### एक कर्मचारी को तत्कालीन कलेक्टर ने किया था निलंबित

कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उल्लेख है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा जिन 4 कर्मचारियों की वार्डबॉय पद पर नियुक्ति की गई है उनमें से एक कर्मचारी मनोहर दांगी को विभिन्न आरोपों के चलते तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने निलंबित किया था। लेकिन, इसके बावजूद उसी कर्मचारी को सीएमएचओ ने पुनः जिला अस्पताल में नियुक्ति प्रदान कर दी है।

#### अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी के आरोप

कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे कर्मचारियों ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी करने के आरोप लगाए हैं। सभी ने आरोप लगाया कि उन्हें रोगी कल्याण समिति खत्म करने का हवाला देते हुए हटाया गया और चार कर्मचारियों लखन सिंह, मनोहरलाल दांगी, सुरेश दांगी एवं महेश दांगी को कलेक्टर दर पर नियुक्ति दी गई है। यह दोहरे नियम समझ से परे हैं। कर्मचारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि वे इस संबंध में उन्हें न्याय दिलवाएं।

# अवैध रेत, मुरम परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, दो डंपर जब्त

### हरिभूमि की सकारात्मक पहल पर प्रशासन का असर



खबर का असर

**सारंगपुर**। नदी-नालों से हो रहे अवैध रेत उत्खनन और खुलेआम रेत के परिवहन को लेकर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का असर दिखने लगा है। सोमवार को खबर सामने आते ही खनिज विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में सारंगपुर पहुंचे तो उन्हें अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिट्टी रेत एवं मुरम से भरा हुआ डंपर परिवहन करते पाया जिसे जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया है । वहीं प्रकाशित खबर में क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा नियमों को ताक पर रखकर नदी-नालों से रेत निकालने, ट्रैक्टर-डंपरों के माध्यम से शहर तक पहुंचाने और बिना अनुमति खरीद-फरोख्त किए जाने का खुलासा किया गया था।

खबर में यह भी बताया गया था कि अवैध रेत परिवहन एवं मुरम से जहां शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं सड़क सुरक्षा और पर्यावरण पर भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। खबर प्रकाशित होने के बाद खनिज विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया जानकारी के अनुसार, सहायक खनिज अधिकारी कार्यालय राजगढ़ के माध्यम से एक डंपर क्रमांक एमपी 39 एच 4038 तथा दूसरा डंपर क्रमांक एमपी 04 जेठ जी 9544 को थाने परिसर में खड़ा कर जप्त किया गया। दोनों ही मामलों में डंपरों की सुरक्षा हेतु चालकों को पाबंद किया गया, जिनकी जिम्मेदारी चालकों पर ही निर्धारित की गई है। संबंधित प्रकरणों में आवश्यक रिपोर्ट दर्ज की गई है। वही स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया में मुद्दा उठाया तो खनिज प्रशासन सक्रिय हुआ। लोगों का मानना है कि स्थानीय प्रशासन अगर ध्यान देते तो अवैध मुरम मिट्टी रेत आदि के अवैध उत्खनन और परिवहन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि केवल प्रतीकात्मक कार्रवाई के बजाय अवैध रेत एवं मुरम के पूरे नेटवर्क पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में माफिया दोबारा सिर न उठा सकें। फिलहाल, खबर के असर के रूप में देखा जा रहा है, जिसने प्रशासन को कदम उठाने के लिए मजबूर किया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े लूट की वारदातों के आरोपी, माल भी किया बरामद

### लूट का माल खरीदने वाले व्यक्ति को भी किया गिरफ्तार



**राजगढ़**। जिले के खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत एक पखवाड़े में हुई लूट और लूट के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। एडिशनल एसपी के.एल. बंजारे ने सोमवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। पहला घटना 21 नवंबर को हुई थी जब मांगीलाल तंवर नाम के व्यक्ति के कान से सोने की दो बालियां अज्ञात लोग लूटकर फरार हो गए थे। इसी तरह हालिया 03 दिसंबर को किराना व्यापारी श्यामसुंदर पिता भंवरलाल गुप्ता निवासी पीपलीबाजार के साथ भी 2 अज्ञात बदमाशों ने रुपए का बैग लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध किए एवं सायबर सेल, सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तकनीकी मदद से आरोपियों को धर-दबोचा।

#### लुटेरों सहित माल खरीदने वाला भी गिरफ्तार

बंजारे ने बताया कि बुजुर्ग मांगीलाल की सोने की बालियां लूटने वाले मदन तंवर निवासी मोतीपुरा और फूलसिंह तंवर निवासी कुशलपुरा थाना भोजपुर ने यह माल राजेंद्र उर्फ राजू पिता कल्याण सेन को बेच दिया था। इसके साथ ही किराना व्यापारी श्यामसुंदर गुप्ता का रुपयों से भरा बैग भी मदन तंवर ने लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों से माल के खरीदार राजेंद्र उर्फ राजू को भी गिरफ्त में लेते हुए लूट का माल बरामद कर लिया है। इन मामलों की पतारसी में खिलचीपुर एसडीओपी धर्मवीर नागर, टीआई उमाशंकर मुकाती, उनि जीतेंद्र अजनारे सहित थाने एवं सायबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

# भ्याना पंचायत सचिव सस्पेंड, 5 अधिकारियों पर भी जुर्माना

**राजगढ़**। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन में

#### टीएल बैठक में विभिन्न योजनाओं व कार्यों की हुई समीक्षा

जल संसाधन विभाग के कमजोर प्रदर्शन पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पिपलिया कलां, खिलचीपुर के जमुना प्रसाद सेन की शिकायत लंबित रहने पर जल निगम विभाग को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के अधिकारी द्वारा विवाह प्रमाण पत्र उपलब्ध न कराने पर सचिव ग्राम पंचायत भ्याना को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिला योजना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन में बॉटम 5 रहे पांच विभागों के अधिकारियों पर भी जुर्माना अधिरोपित करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी पर एफआईआर की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

उच्चाधिकारियों के सम्मुख परियोजना प्रशासक ने दिया प्रजेंटेशन

# छत्तीसगढ़ सीएम ने विस्तार से समझी मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की दशा और दिशा बदलकर लाखों किसानों को पलायन और गरीबी के गर्त से निकालने में मददगार बनी मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई प्रणाली को भारत के अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिवस छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव शास्त्री ने अपने राज्य के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मोहनपुरा-कुंडालिया प्रणाली और उसे लाभों को विस्तार से समझा।

मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रशासक विकास राजोरिया ने बड़ी एलईडी स्क्रीन पर इस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। उपस्थित अधिकारीगणों को अगवत कराया गया कि समान जल से दौगुने से अधिक क्षेत्र में सिंचाई करने वाली यह भारत की पहली परियोजना है। प्रजेन्टेशन के दौरान मप्र शासन के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौर द्वारा भी उक्त सिंचाई प्रणाली के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस



अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, वित्त सचिव बसंल, छत्तीसगढ़ के जनसंपर्क आयुक्त उपस्थित रहे जिन्होंने परियोजना के विभिन्न पहलुओं और बिन्दुओं को विस्तार से जाना।

#### इस साल लक्ष्य से अधिक क्षेत्र में हो रही है सिंचाई

मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना से इस साल अपने तय लक्ष्य से भी बढ़कर 1 लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में सिंचाई करवाई जा रही है। मोहनपुरा बांध की नहरों के शुरू होने के पहले राजगढ़ जिले से हर साल करीब 51 हजार लोग स्थाई व एक लाख से अधिक लोग रोजगार के लिए अन्य जिलों व राज्यों में अस्थाई पलायन करते थे। पलायन का यह ग्राफ तेजी से कम हुआ और लोग यहीं रहकर स्थाई रूप से दो व तीन फसलों की खेती करने लगे हैं। इससे किसानों को जहां आर्थिक लाभ हुआ वहीं सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव भी अब नजर आने लगे हैं।

## पुलिस ने सरपंच के साथ मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जीरापुर**। 5 दिसंबर को फरियादी विक्रम पिता कंवरलाल सौंध्या निवासी शिवपुरी थाना भोजपुर। जीरापुर से अपने गांव जा रहा था। बायपास आगे पिपल्दा रोड पर अज्ञात 4 व्यक्तियों ने उसकी बुलेट मोटरसाइकिल रोककर डण्डों से मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी तथा वाहन में नुकसान किया। मारपीट में उसे गंभीर चोट आई । प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए सक्रिय मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल आरोपियों को चिन्हित कर घेराबंदी करते हुए शीघ्र गिरफ्तार किया। प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी देवराज सिंह पिता हीरासिंह सौंधिया, उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कुंडीबे थाना कालीपीठ ,अंकित उर्फ कान्हा पिता रामबाबू गुर्जर, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम परसोलिया थाना करनवास , पवन पिता चंदरसिह तंवर, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बावडीपुरा , नितेश पिता रामबाबू तंवर, उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम किला अमरगढ़ थाना कालीपीठ ,जितेन्द्र पिता बनेसिंह सौंधिया, उम्र 30 वर्ष निवासी गादियामेर थाना खिलचीपुर से घटना में प्रयुक्त 4 डण्डे , 2 मोटरसाइकिल (जप्त) की। उनि संतोष सिंह, सउनि श्यामलाल धुर्वे, सउनि मधुसूदन, प्रधान आरक्षक श्यामसुन्दर, देवीसिंह दांगी, अनिल नायक, गणेश, आरक्षक रवि,पंकज, सचिन , जुगल भील,सुनील, मनोज, तुलसीराम, सेनिक शिवप्रसाद,विजय सिंह सहित माचलपुर थाना टीम से आरक्षक रविन्द्र, विष्णु जाट, पप्पू दांगी सायबर सेल टीम' उनि जितेन्द्र अजनारे, शशांक यादव, अशोक राहोरिया, हितेश आदि का सहयोग रहा ।

# सारंगपुर नपा पर भवन अनुमति रोकने के आरोप निजी इंजीनियरों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर**। नगर पालिका सारंगपुर द्वारा भवन निर्माण की अनुमति समय-सीमा में जारी नहीं किए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस संबंध में सोमवार को शहर के निजी नक्शा नवीसों एवं इंजीनियरों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और नगर पालिका पर आरोप लगाए।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे निजी इंजीनियरों व आर्किटेक्ट्स ने बताया कि वे नगर पालिका द्वारा अधिकृत हैं तथा नियमानुसार भवन निर्माण के नक्शे तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से उनके द्वारा लगाए गए कई प्रकरण बिना किसी स्पष्ट कारण या आपत्ति के लंबित रखे जा रहे हैं। इंजीनियर संघ के सदस्योंकृशिशिर विजयवर्गीय, आशीष बल्दिया, आलोक मालवीय, अवधेश रावत, कपिल वात्रे, निधि बल्दिया एवं तैय्यब अली सैफी सहित अन्य



ने आरोप लगाया कि नगर पालिका भवन अनुमति देने में जानबूझकर देरी कर रही है। इससे न केवल तकनीकी पेशेवर प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोगों के मकान निर्माण कार्य रुक गए हैं, वहीं भवन अनुमति के अभाव में बैंक लोन की प्रक्रिया भी अटकी हुई है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन एवं सीएम पोलिसी के निर्देशानुसार भवन निर्माण अनुमति एक निर्धारित समय-सीमा में दी जानी चाहिए। इसके बावजूद फाइलों को बिना किसी लिखित आपत्ति या कारण बताए रोका जाना नियमों का उल्लंघन है और इससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। इंजीनियरों ने एसडीएम से मांग की कि नगर पालिका में लंबित सभी भवन अनुमति प्रकरणों की शीघ्र जांच कराकर नियमानुसार अनुमति जारी करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके। एसडीएम ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि आवेदन नियमानुसार प्रस्तुत किए गए हैं, तो नगर पालिका को निर्धारित समय-सीमा में निर्णय लेना होगा।

## ग्राम पंचायत सिकंदरी के मीणागांव में 15 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन विधायक ने किया



छापीहेड़ा। सिकंदरी ग्राम मीणागांव रविवार को 15 लख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन बड़े सार्थक रूप से किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय देवनारायण मंदिर के समक्ष विधायक हजारीलाल दांगी और मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक रामप्रताप दांगी जनपद सदस्य राधेश्याम दांगी नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया की उपस्थिति में स्नेह पूर्वक संपन्न हुआ ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू नागर ने बताया कि इन कार्यों में मुख्य रूप से सामुदायिक भवन सीसी नाली शमशान में सीसी निर्माण शामिल है कल 15 लाख रुपए की लागत से यह कार्य पूर्ण होगा और आगे भी कई नए कार्यों को लाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। अमित झंझावात राधेश्याम भामी निर्मल कुमार गुप्ता रामगोपाल दांगी गोकुल प्रसाद धाकड़ आदि मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक संपन्न, वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई की बैठक का आयोजन रविवार को स्थानीय हिंद कन्वेंट स्कूल सूरजपोल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल सिंह परमार 'कान्हा बना' ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्वागत उद्बोधन दिया तथा नगर में पत्रकार भवन निर्माण का माँग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार महाराजा जितेंद्र सिंह पंवार, शिव वैध, महेश त्रिवेदी, रमेश मालवीय, कमल चैरसिया और माधव सिंह जादोन का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होते हैं और लोकतंत्र की मजबूती में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है नगर में पत्रकार भवन के लिए भी हर संभव प्रयास करने की बात कही कार्यक्रम का संचालन प्रणपाल सिंह खींची ने किया, वही आभार कपिल वैध द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सत्येंद्र सिंह राठौड़, अभिषेक गुप्ता तथा पत्रकारों में भगवान सिंह उमठ, रूपेश ठाकुर, विवेक ठाकुर, महेश शर्मा, सुरेश नागर, अनूप साहू, देवप्रकाश वर्मा, नीरज शर्मा, धर्मेंद्र सिंह पंवार, शानू बना, संकल्प मिश्रा, राजू उमठ, कैलाश मेवाड़े, लोकेश साहू, वीरेंद्र सिंह पंवार, जितेंद्र वर्मा, नितिन वर्मा, राहुल शिवहरे, आनंद शर्मा, प्रकाश साहू, कमलेश मेवाड़े, सूरज गुर्जर और सत्यम शर्मा राजू बैरागी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत गादयाकला के किसानों का मामला

फसल सूखी किसान परेशान, कैसे होगा परिवार का भरण पोषण

# कुंडलिया परियोजना का शुल्क जमा के बावजूद नहीं मिल रहा किसानों को पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा किसानों की भूमि सिंचित करने हेतु जिले में कुंडलिया डेम जल परियोजना एवं मोहनपुरा डेम जल परियोजना का क्रियान्वन किया गया है,ताकि आसपास क्षेत्र के किसानों की भूमि सिंचित हो सके।

आसपास क्षेत्र के हर एक किसान की भूमि सिंचित करने हेतु डैम परियोजना द्वारा निर्धारित शुल्क भी रखा गया है जो प्रति हेक्टेयर किसानों से पानी देने के बदले जमा कराया जाता है,ओर किसान अपने खेत में पानी फैर कर फसल कमाता है। इसके विपरित ग्राम गादयाकला के किसानों का एक मामला सामने आया है जिसमें किसानों ने लगभग 1 महीने पहले कुंडा लिया डेम परियोजना से खेतों में फसल में पानी फेरने के लिए प्रति हेक्टेयर शुल्क रसीद कटा दी है, ओर खेत में



फसल की बोवनी कर दी है, लेकिन कुंडलिया परियोजना द्वारा लाइन के टूट- पाठ होने से खेतों में अभी तक एक बूंद भी पानी नहीं आया है ऐसे में किसानों की फसल सूख रही है। जब मीडिया ने जायजा लिया तो किसानों प्रभु लाल सोधिया, रूप सिंह वर्मा, रतन सोंधिया, चंदरसिह राव, भगवान सिंह सोंधिया, कंवरलाल वर्मा, बद्री लाल सैनी आदि ने बताया हमारी फसल सूख गयी है कुंडलिया डैम परियोजना से हमें अभी तक एक बूंद पानी नहीं मिला है, जबकि हम सभी किसानों ने 1 महीने पहले रसीद बनवा ली है। हम किसानों ने इसकी शिकायत विधायक हजारीलाल दांगी, एसडीएम अंकिता जैन,कुंडलिया परियोजना इंजीनियर सुमित मालिक को लगातार 20 दिनों से कर रहे हैं लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी पूरी फसल सुख गई है यदि एक-दो दिन में हमारे खेतों में पानी नहीं आया तो हम बर्बाद हो जाएंगे हमारे बच्चों का भरण पोषण कैसे करेंगे। कुंडलिया परियोजना के पानी के भरोसे ही फसल बोई है। हम बार-बार शिकायत कर रहे हैं लेकिन हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। गादयामैर के किसानों ने बीच में लाइन फोड़ दी है।

#### इनका कहना है...

हां गादयामैर के कुछ किसानों ने लाईन फोड़ दी है, रिपेयर करा कर 109 नम्बर बाक्स को चालू कर एक-दो दिन में किसानों को पानी दिया जाएगा

**देवेंद्र विजयवर्गीय,** प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कुंडलिया परियोजना।

हां, किसानों ने लाईन फोड़ दी है, करायी है रिपेयर कर किसानों को पानी दिया जाएगा।

**सुमित मालिक,** एसडीओ कुंडलिया परियोजना